उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार।

संख्या : 228/02/डी0आर0/क्री0अधि0/सेवा–02/2024–25 दिनांक : 25 फरवरी, 2026

जिला क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा–2025

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा–2025 हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या : A-1//DR(DSO)/ S-2/2025 दिनांक 28 मई, 2025 के क्रम में दिनांक 02 नवम्बर, 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति संख्या : 311/12/जि0क्री0अधि0/G-2/2025-26 दिनांक 24 फरवरी, 2026 द्वारा घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु औबपन्धिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन **दिनांक 11 मार्च, 2026 को प्रातः 9:30 बजे से** परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जाना निर्धारित है।

2. अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों का सत्यापन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सन्निरीक्षा मार्गदर्शिका–2026 एवं मा0 आयोग द्वारा लिये गये निर्णयों के आलोक में किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन के पश्चात मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित सन्निरीक्षा टीप के आधार पर अर्ह घोषित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। **निर्धारित तिथि (11 मार्च, 2026) को अभिलेख सत्यापन न कराने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी दशा में अभिलेख सत्यापन हेतु पुनः अवसर नहीं दिया जायेगा।**

3. अभिलेख सत्यापन (Documents Verification) निम्न कार्यक्रमानुसार निर्धारित है :–

परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार
11 मार्च, 2026 (बुधवार) – (प्रातः 09:30 बजे से)
(कुल– 25 अभ्यर्थी)

सफल अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक							
900014	900059	900070	900076	900102	900125	900164	900165
900170	900184	900186	900203	900227	900236	900238	900243
900244	900247	900269	900275	900282	900292	900295	900317
900356							**TOTAL = 25**

4. अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम के अंतर्गत अभ्यर्थी द्वारा **ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों का उनके मूल अभिलेखों से मिलान** किया जायेगा। अभ्यर्थी इस ज्ञाप के साथ उपलब्ध चैकलिस्ट (Check List) के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र में दावित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र आदि अभिलेखों की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों के <u>02 सैट</u>** के साथ नियत तिथि एवं समय पर आयोग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे। इस ज्ञाप के साथ आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर अन्य प्रपत्र भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरते हुए अभिलेख सत्यापन के समय निम्नलिखित समस्त अभिलेखों के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे :–

1. चैकलिस्ट (Check List) एवं **चैकलिस्ट के अनुसार समस्त प्रमाण–पत्र।**
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application Form)
3. विस्तृत आवेदन–पत्र (Detailed Application Form) (प्रपत्र संख्या–02)
4. प्रमाणीकरण–पत्रक (Attestation Form) (प्रपत्र संख्या–03)
5. देशना–पत्रक (Index Card) (प्रपत्र संख्या–04)
6. अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र व अन्य अभिलेख।
7. नाम में भिन्नता के संबंध में स्वघोषणा (यदि लागू हो)।
8. पासपोर्ट साइज के 02 नवीनतम स्वप्रमाणित फोटोग्राफ। (प्रपत्र संख्या–02, 03, 04 के फोटो के अतिरिक्त)

नोटः– समस्त अभिलेखों की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों के 02 सैट** प्रस्तुत किये जाने हैं।

5. यदि अभ्यर्थी अभिलेखों के सत्यापन हेतु नियत तिथि को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनको साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

आयोग परिसर में मोबाइल फोन, कैमरा तथा अन्य किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

Sd/-
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव।